

*थार रेगिस्तान में महिलाओं को ''सोलर रिफ्लैक्टिंग वाइट पेंट'' के डिब्बे दिए जा रहे हैं। घर की छत पर यह पेंट लगाने से घर के अंदर का तापमान 4 डिग्री सैंटिग्रेड तक कम हो जाता है। यह पेंट सूर्य की किरणों में मौजूद रेडिएशन को परावर्तित कर देता है। यह कार्यक्रम महिला हाउसिंग ट्रस्ट (एम.एच.टी.) नाम के एक नॉन प्रॉफिट संगठन ने शुरु किया है जो मध्य भारत व पश्चिम भारत में महिलाओं को गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए काम करता है। इस संस्था ने सबसे पहले 2009 में अहमदाबाद में काम करना शुरु किया था उसके बाद अब 9 अन्य राज्यों में इसका काम फैल गया है। यह संस्था लगभग 30,000 घरों में गर्मी के दुष्प्रभाव कम करने का काम कर चुकी है। एम.एच.टी. ने जोधपुर की कच्ची बस्ती में वाइट पेंट के 116 कैन बांटे हैं। गर्मी में यहां तापमान 47.7 डिग्री सैंटिग्रेड तक हो जाता है। इन हालात में गरीब परिवारों का जीना मुश्किल हो जाता है और कई तरह की बीमारियां होने का भय भी होता है। ऐसे ही पेंट का एक डिब्बा 19 साल की पिंकी को भी दिया गया। अनाथ पिंकी अपने दो भाई -बहिनों के साथ रहती है। गर्मी से बचने के लिए वह बोरी को गीला करके पंखे से बांध देती है ताकि कुछ ठंडक मिल सके। छत पर पेंट लगाने के बाद अब पिंकी दोपहर में भी कमरे में ट्यूशन पढ़ा सकती है। पिंकी ने बताया कि, ''पहले छोटे बच्चे, जिन्हें मैं ट्यूशन पढ़ाती हूं, गर्मी की शिकायत करते थे, माता-पिता उन्हें पढ़ने नहीं भेजते थे। पर अब गर्मी के कारण बच्चों की नाक से नक्सीर नहीं आएगी।'' विशेषज्ञों के अनुसार पेंट का लम्बे समय तक फायदा मिले इसके लिए उसकी देखभाल करनी होती है। वरना वह उखड़ने लगता है। पर गर्मी से बचने के अन्य उपायों के मुकाबले यह बहुत सस्ता है।*

# उदयपुर में ट्रक ने क्रूजर वाहन को मारी टक्कर, 7 की मौत व 10 घायल

## मृतकों में चार की शिनाख्त हो चुकी है, जबकि तीन अन्य मृतकों के चेहरे बुरी तरह खराब हो गये

■ **एस.पी. व कलैक्टर मौके पर पहुंचे, घायलों के इलाज के निर्देश दिए।**

डूंगरपुर, 15 अक्टूबर (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नैशनल हाइवे 48 रतनपुर बॉर्डर पर एक ट्रक ने आगे चल रही क्रूजर को ट्रक के ब्रेक फेल हो जाने के कारण इस कदर रौंद डाला कि, क्रूजर के पलटने के बाद ट्रक ऊपर से निकल गई और इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 10 लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद मौके पर हाहाकार की स्थिति बन गई। वहीं रतनपुर पुलिस चौकी समेत बिछीवाड़ा पुलिस और लोग इकट्ठे हो गए। घायलों को भी बाहर निकाला। शवों और घायलों को एंबुलेंस के जरिए डूंगरपुर अस्पताल लेकर आ रहे हैं। अस्पताल में पुलिस और डॉक्टरों की टीम तैनात है जो मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज करवाया जा रहा है। वहीं मृतकों में अभी तक चार शिनाख्ती हो चुकी है जबकि तीन अन्य मृतकों के चेहरे बुरी तरह खराब हो जाने के कारण शिनाख्ती के प्रयास किये जा रहे हैं जबकि घायलों का चिकित्सालय में इलाज किया जा रहा है।

घटनाक्रम के अनुसार दोपहर करीब 2 से 2.30 बजे के बीच डूंगरपुर से अहमदाबाद सवारियां भरकर जा रही क्रूजर को रतनपुर चैकपोस्ट के समीप पीछे से अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते क्रूजर सड़क पर पलट गई और ट्रक उसे रौंदते हुए चली गई। इस हृदयविदारक घटनाक्रम में सात जनों की मौत हो गई जिसमें से धनपाल पुत्र गटूलाल डोडियार उम्र 24 वर्ष निवासी सज्जनपुरा थाना वरदा, हेमंत पुत्र नाथू मोलात निवासी लांबा पारडा बिछीवाड़ा, राकेश पुत्र शंकरलाल रोत निवासी हिराता, मुकेश पुत्र मोहन रोत निवासी महुडी कोतवाली, जबकि एक 14 वर्षीय बालिका की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य की शिनाख्ती के प्रयास जारी हैं।

दुर्घटना में सवार आशा (22) पुत्री जीवा कोटेड निवासी बांसिया धम्बोला, पंकज पुत्र खेमाजी परमार निवासी चुंडावाडा, राहुल (20) पुत्र काना कटारा निवासी हिराता, जीवा पुत्र जसू निवासी महुडी, राजू पुत्र धुला निवासी हिराता, शंकर (40) पुत्र लालजी निवासी हिराता और सुभाष पुत्र भरत कटारा निवासी सागवाड़ा घायल हो गए हैं। वहीं 2 घायलों को गुजरात के शामलाजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। क्रूजर में कुल 21 लोग सवार थे। जीप के ऊपर भी सवारियां बैठी थीं। इधर जिले के रतनपुर बॉर्डर पर रविवार सुबह क्रूजर गाड़ी और ट्रक के बीच सड़क हादसे में घायल 7 लोग डूंगरपुर के श्री हरिदेव जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती हैं। हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलैक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री और पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। जिला कलैक्टर और पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जानकारी ली।

जिला कलैक्टर भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण कर रहे थे, उसी दौरान रतनपुर बॉर्डर पर हादसे की जानकारी मिली। सड़क हादसे की गंभीरता को देखते हुए जिला कलैक्टर और एस.पी. रतनपुर बॉर्डर के लिए रवाना हो गए।

इस बीच उन्होंने बिछीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी और संबंधित पुलिस थाना अधिकारी को घटना स्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। अस्पताल अधीक्षक महेंद्र डामोर ने बताया कि, हादसे में 6 मृतकों की बॉडी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाई गई हैं। दुर्घटना के बाद रैफर किये गये 8 में से एक की हालत सामान्य होने पर परिजन घर ले गए। वहीं, 6 ऑर्थोपेडिक और एक सर्जरी वार्ड में है। जिला कलैक्टर ने अस्पताल अधीक्षक से घायलों की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यकता पड़ने पर एक्सरे, सीटी-स्कैन सहित आवश्यक सभी जांचें करवाने और इलाज में कोई कोताही न बरतने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने घायलों से आत्मीयता पूर्वक बात करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछी। क्रूजर में सवार एक घायल ने बताया कि, वो अहमदाबाद में पी.जी. में नौकरी करती है, तो एक घायल ने बताया कि, वो अहमदाबाद मजदूरी करता है।

# भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच में दर्शकों ने लगाये धार्मिक नारे

## मैच के दौरान ''जय श्री राम'' के नारे लगाये जाने से मु.मंत्री एम.के स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने नाराजगी जताई

■ **उदयनिधि स्टालिन ने ट्वीट कर कहा, ''भारत अपनी खेल भावना और आतिथ्य सत्कार के लिए प्रसिद्ध है। हालाँकि, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य और एक नया निम्न स्तर है। खेल को देशों के बीच एकजुट करने वाली शक्ति बनना चाहिए और सच्चे भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। इसे नफरत फैलाने के औज़ार के तौर पर इस्तेमाल करना निंदनीय है।''**

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। अहमदाबाद में खेले गए भारत और पाकिस्तान मैच में रोहित शर्मा की ब्रिगेड ने बाबर आजम की टीम को 7 विकेट से करारी धूल चटाई। मैच के दौरान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नजारा अद्भुत था। एक लाख की तादाद में लोग जय श्रीराम के नारे लगाकर भारतीय टीम को सपोर्ट कर रहे थे। भारतीय क्रिकेट फैंस की इस नारेबाजी पर एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन उखड़ गए हैं। उन्होंने इस नारेबाजी पर कड़ा ऐतराज जताया है।

14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में आठवीं बार भिड़े। हर बार की तरह भारतीय क्रिकेटर्स ने पाक क्रिकेटरों को धूल चटाई। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया पॉइंट टेबल में नंबर वन पर आ गई है। वहीं, पाकिस्तान दो स्थान खिसककर चौथे स्थान पर है। इस मैच में पहले भारतीय गेंदबाजों ने पाक बल्लेबाजों पर कहर बरपाया। महज 191 रन पर पूरी पाक टीम ऑलआउट हो गई थी। जवाब में इंडिया ने रोहित शर्मा की आतिशी पारी के दम पर 31वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच पर हमेशा दुनिया की नजरें टिकी रहती हैं। राइवल मैच में भारत और पाक फैंस के लिए ये मैच हमेशा करो या मरो की तरह रहते हैं। 14 अक्टूबर को मैच के दौरान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नजारा देखने लायक था। फैंस भारतीय क्रिकेटर्स का जमकर सपोर्ट कर रहे थे।

मैच के दौरान स्टेडियम जय श्रीराम के नारों से गूंज रहा था। फैंस पाकिस्तानी क्रिकेटर्स को जमकर चिढा रहे थे और भारतीय क्रिकेटर्स को सपोर्ट कर रहे थे। मोहम्मद रिजवान समेत कई पाक क्रिकेटरों को फैंस की आलोचना झेलनी पड़ी थी।

मैच के बाद इजरायली राजदूत ने यह बयान देकर पाकिस्तान को कठघरे पर भी खड़ा किया कि इस मैच को कम से कम पाकिस्तान फिलिस्तीनी आतंकियों के नाम नहीं करेगा। बता दें कि श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच में मोहम्मद रिजवान ने सेंचुरी ठोंककर इसे फिलिस्तीन के नाम किया था।

उदयनिधि स्टालिन ने ट्वीट कर कहा, ''भारत अपनी खेल भावना और आतिथ्य सत्कार के लिए प्रसिद्ध है। हालाँकि, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ किया गया व्यवहार अस्वीकार्य और एक नया निम्न स्तर है।

# उत्तराखण्ड में बर्फबारी

बदरीनाथ, 15 अक्टूबर। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर मौसम पर बड़ा अपडेट सामने आया है। बदरीनाथ के बाद के केदारनाथ धाम में भी सीजन की पहली बर्फबारी हुई है।

बदरीनाथ और केदारनाथ धामों में बर्फबारी के बाद अचानक ठंड बढ़ गई है। बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। स्थानीय लोग, सहित तीर्थ यात्रियों को ठंड का ऐहसास हुआ। लोगों ने ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों सहित हीटर का सहारा ले रहे हैं।

उत्तराखण्ड में आने वाले कुछ दिन चारधाम यात्रा रूट पर तीर्थ यात्रियों की परीक्षा लेने वाले हैं। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में येलो अलर्ट जारी किया गया है। चारधाम यात्रा रूट पर तीर्थ यात्रियों की थोड़ी सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

ऐसे में तीर्थ यात्रियों से अपील की जाती है कि वह अपने गंतव्य में तय समयसीमा पर पहुंचने का प्रयास करें। ऐसा नहीं करने पर तीर्थ यात्रियों की रात सड़क पर गुजर सकती है, क्योंकि पर्वतीय इलाकों में रात को वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंध है।

किसी भी परेशानी से बचने के लिए उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान का अपडेट जरूर लें।

# तमिलनाडु में 15.21 करोड़ का सोना जब्त

■ **डी.आर.आई. के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेन्नई और त्रिची में चलाये गए तीन अलग-अलग अभियानों में, 15.21 करोड़ रुपये मूल्य का 25 किलोग्राम तस्करी का सोना और 56.3 लाख रु. मूल्य की भारतीय मुद्रा जब्त की।**

चेन्नई, 15 अक्टूबर (वार्ता)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने इस सप्ताह तमिलनाडु के चेन्नई और त्रिची में चलाये गए तीन अलग-अलग अभियानों में, 15.21 करोड़ रुपये मूल्य का 25 किलोग्राम तस्करी का सोना और 56.3 लाख रु. मूल्य की भारतीय मुद्रा जब्त कीं।

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक डीआरआई के अधिकारियों को विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी कि श्रीलंका से सोने की तस्करी की गई थी और इसे नागपट्टिनम जिले के तटीय क्षेत्र से होते हुए एक कार में चेन्नई ले जाया जा रहा है। अधिकारियों ने 13 अक्टूबर की शाम को मद्रास उच्च न्यायालय के पास एक मारुति डिजायर कार को रोका और पाया कि दो लोग कार में सोने का आदान-प्रदान कर रहे थे। उनके पास से 11.794 किलोग्राम वजन का विदेशी सोना और 2,30,000 रुपये की भारतीय मुद्रा बरामद की गयी।

इसके अलावा, अधिकारियों ने तस्करी के सोने को ले जा रही कार को भी जब्त कर लिया। दूसरे व्यक्ति द्वारा लाया गया दोपहिया वाहन और सोने के प्राप्तकर्ता दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोने को पिघलाने वाली एक दुकान की तलाशी में अधिकारियों ने सोना बरामद किया जिनका वजन 3.3 किलोग्राम (लगभग) है और भारतीय मुद्रा 54,00,000 रुपये है।

विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर 09 अक्टूबर को त्रिची में चलाये गए एक अभियान में, एक कार में तस्करी का सोना चेन्नई ले जा रहे दो व्यक्तियों को रोका गया और उनके पास से श्रीलंका से तस्करी कर लाया गया 7.55 किलोग्राम सोना जब्त किया गया और दोनों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया। इसके अलावा, 11 अक्टूबर को चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चलाये गए एक अन्य अभियान में, डीआरआई के अधिकारियों ने मलेशिया से आए दो यात्रियों को हिरासत में लिया और उनके पास से 3.46 किलोग्राम सोना जब्त किया। पेस्ट के रूप में सोने को विशेष रूप से बनाई गई थैलियों में पैंट और बनियान में छिपाया गया था। तलाशी लेने पर 1.73 करोड़ रुपये मूल्य का 2.97 किलोग्राम सोना बरामद किया गया और उसे जब्त कर लिया गया। यात्रियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

## मध्यप्रदेश में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शुक्ला, इंदौर-दो से चिंतामणि चौकसे चिंटू और इंदौर-चार से राजा मंधवानी चुनाव लड़ेंगे।

# इज़रायल ने हमास को इतिहास का सबसे भयानक और मुंहतोड़ जवाब देने की कसम खाई

## इज़रायल ने सोमवार से गाजा पट्टी में अपनी थल सेना उतारने का एलान किया

■ **इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।**

यरूशलेम, 15 अक्टूबर (वार्ता)। फिलिस्तीनियों को उत्तरी क्षेत्रों से पलायन करने के लिए थोड़ा और समय देने के बाद, इजरायल ने अपने इतिहास में सबसे घातक हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की कसम खाई है। इजरायल ने रविवार को गाजा में जमीनी हमले की तैयारी के लिए दबाव डालाना शुरू किया। इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में अब तक 3500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

दरअसल फिलिस्तीन से जुड़े हमास समूह की ओर से किए गए इस हमले में 1,300 से ज्यादा इजरायली मारे गए, जिसकी तुलना इजरायल ने अमेरिका में 9/11 से की है और हमास को लक्षित करते हुए बड़े पैमाने पर जवाबी बमबारी अभियान शुरू किया, जिससे गाजा में 2,200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

इजरायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में रहने वाले लगभग 11 लाख गाजा निवासियों को जमीनी घुसपैठ करने से पहले दक्षिण की ओर जाने की चेतावनी दी है, जिसके बारे में सेना ने संकेत दिया है कि वह गाजा सिटी पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो हमास समूह के नेतृत्व का आधार है।

इजरायली सेना ने कहा कि गाजा सिटी के निवासियों को पलायन करने में देरी नहीं करनी चाहिए, लेकिन एक प्रवक्ता ने शनिवार देर रात कहा कि जमीनी हमले से पहले उनके पास पलायन करने का अभी भी समय है।

शुक्रवार से गाजा के हजारों लोग, जो इजरायल और मिस्त्र दोनों द्वारा अवरुद्ध होने के कारण एन्क्लेव को नहीं छोड़ सकते हैं, मलबे से भरी सड़कों पर घूमने के लिए बैग और सूटकेस में अपना सामान पैक कर रहे हैं।

इजरायल ने शनिवार को उत्तरी गाजा पर ताजा हवाई हमला किया। दक्षिणी इजरायली शहर स्डेरोट के पास एएफपी के संवाददाताओं ने घनी आबादी वाले इलाके में सैनिकों को गोलीबारी करते देखा, जिससे आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया।

इजरायली सेना ने शनिवार को कहा कि हमास द्वारा अपहरण किए गए दर्जनों बंधकों में से कुछ के शव गाजा में अभियानों के दौरान प्राप्त हुए। हमास ने इससे पहले कहा था कि इजरायली बमबारी में 22 बंधक मारे गए हैं। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इससे पहले सीमा पर अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों से मुलाकात की थी, जिससे आक्रमण की आशंका बढ़ गई थी।

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से सावित्री मंडावी चुनाव लड़ेंगी।

विधानसभा क्षेत्रवार उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं..

अंबिकापुर - टीएस सिंहदेव, सीतापुर(सु)- अमरजीत भगत, खरसिया - उमेश पटेल, कोरबा - जय सिंह अग्रवाल, सक्ती - डॉ चरण दास महंत, आरंग (सु) - डॉ शिवकुमार डहरिया, डौंडीलोहारा (सु) - अनिला भेड़िया, पाटन - भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण - ताम्रध्वज साहू, साजा - रवीन्द्र चौधरी, नवागढ़ (सु) - गुरू रूद्र कुमार, पंडरिया - नीलकंठ चंद्रवंशी, कवर्धा - मोहम्मद अकबर, खैरागढ़ - यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ (सु) - हर्षिता स्वामी बघेल, राजनांदगांव - गिरीश देवांगन, डोंगरगांव - दलेश्वर साहू, खुज्जी - भोलाराम साहू, मोहला-मानपुर सु) - इंद्रशाह मंडावी, अंतागढ़(सु) - रूप सिंह पोटाई, भानुप्रतापपुर (सु) - सावित्री मंडावी, कांकेर (सु) - शंकर ध्रुव केसकाल (सु) - संत राम नेताम, कोंडागांव (सु) - मोहनलाल मरकाम, नारायणपुर (सु) - चंदन कश्यप, बस्तर (सु) - लखेश्वर बघेल, चित्रकोट (सु) - दीपक बैज, दंतेवाड़ा (सु) - के छविन्द्र महेंद्र कर्मा, बीजापुर(सु) - विक्रम मंडावी, कोंटा (सु) - कवासी लकमा । गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के लिए दो चरणों में 07 और 17 नवंबर को चुनाव कराये जायेंगे तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी।

कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष के मुरलीधरन ने कहा कि शेष 64 सीटों के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जायेगा और दो-तीन दिनों में इसकी घोषणा की जायेगी। उन्होंने कहा कि पहली प्राथमिकता उम्मीदवारों की जीत की संभावनाओं तथा दूसरी पार्टी के प्रति उनके समर्पण को दी गयी है। इसके साथ ही सभी समुदायों के नेताओं के साथ न्याय करने का ईमानदार प्रयास किया गया है। तेलंगाना की 119 सीटों वाली विधानसभा चुनाव के लिए 30 नवंबर को चुनाव होंगे।

हैदराबाद के लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से घोषित सूची में कई शीर्ष नेताओं के नाम शामिल हैं, जिनमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी (कोडंगल), और वरिष्ठ नेता एन उत्तम कुमार रेड्डी (हुजूरनगर), कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी (नलगोंडा), और सीताक्का (मुलुग) शामिल हैं। सूची में ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक नेताओं के नाम भी शामिल हैं।

## गगनयान मिशन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जाएगा। परीक्षण में मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में लॉन्च करना और इसे पृथ्वी पर वापस लाना तथा बंगाल की खाड़ी में टचडाउन के बाद इसे पुनर्प्राप्त करना शामिल है। उन्होंने कहा कि नौसेना कर्मियों ने मॉड्यूल को पुनर्प्राप्त करने के लिए पहले ही मॉक ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि क्रू मॉड्यूल के साथ-साथ एक 'क्रू एस्केप' सिस्टम भी होगा। यदि अंतरिक्ष में चढ़ते समय अंतरिक्ष यान को किसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो इस एस्केप सिस्टम से चालक दल को अलग करने और सुरक्षित रूप से समुद्र में वापस लाने की उम्मीद की जाती है, जहां से उन्हें नौसेना कर्मियों द्वारा निकाला जाएगा।

## दिल्ली ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले तीन अक्टूबर को भी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भूकंप के झटके महसू किए गए थे।

# 'संसद में दूसरे देश के आंतरिक मसलों पर चर्चा नहीं कराई जा सकती'

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि, सर्वोच्च विधायी संस्था होने के नाते संसद की अपनी सम्प्रभुता होती है

नयी दिल्ली 15 अक्टूबर (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि पी-20 शिखर सम्मेलन में 48 संसदीय निकायों के प्रमुखों ने माना है कि सर्वोच्च विधायी संस्था होने के नाते संसदों की संप्रभुता होती है और उनमें दूसरे देशों के आंतरिक मामलों के बारे में चर्चा नहीं की जा सकती है।

बिरला ने आज यहां पी-20 के सफल आयोजन को लेकर योगदान करने वाले सभी पक्षों के प्रति आभार ज्ञापन के लिए बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर यह बात बतायी। उन्होंने कहा, हमारा स्पष्ट मत है और इसे सबने एक मत से माना है कि संसद सर्वोच्च विधायी संस्था होती है। किसी भी देश के आंतरिक मामलों को लेकर कभी किसी अन्य देश की संसद में चर्चा नहीं हो सकती है।

तुर्की की संसद के पीठासीन अधिकारी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात में मेहमान नेता द्वारा तुर्की में अस्थिरता फैलाने वाले तत्वों को भारत की शह के आरोप के बारे में पूछे जाने पर बिरला ने कहा कि सरकार का स्पष्ट मत है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे कई बार स्पष्ट किया है। हम आतंकवाद, आतंकवादी गतिविधियां, आतंकवादियों को प्रश्रय दिये जाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसी गतिविधियों का भारत में कहीं कोई स्थान नहीं है। आतंकवाद चाहे जाति के नाम पर हो या धर्म के नाम पर, भारत उसके किसी भी पक्ष या स्वरूप को कतई कोई समर्थन नहीं देता है।

लोकसभा अध्यक्ष ने इससे पहले अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों का यह नौवां पी-20 शिखर सम्मेलन सबसे कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जी 20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी 20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसदें' था। पी 20 शिखर सम्मेलन में जी 20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली पी 20 शिखर सम्मेलन शिष्टमंडलों की भागीदारी के मामले में अब तक का सबसे सफल पी 20 शिखर सम्मेलन था। सम्मेलन में जी20 देशों के अलावा 10 अन्य देशों को आमंत्रित किया गया था। इनमें कनाड़ा को छोड़ शेष सभी सम्मिलित हुए। इस शिखर सम्मेलन में कुल 37 अध्यक्षों/उपाध्यक्षों और शिष्टमंडलों के नेताओं ने भाग लिया। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो नई दिल्ली पी 20 में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी हुई।

बिरला ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को जी20 के सदस्य के रूप में शामिल किए जाने के बाद पैन-अफ्रीकी संसद ने पहली बार पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जी 20 और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के अलावा 48 संसद सदस्यों ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन में जी 20 और आमंत्रित देशों के कुल 436 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि पी 20 शिखर सम्मेलन में निम्नलिखित चार विषयों - एसडीजी में तेजी लाना, सतत ऊर्जा परावर्तन, लैंगिक समानता से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर तथा सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन पर चार सत्रों में सार्थक चर्चा और विचारों का आदान-प्रदान हुआ। पी 20 शिखर सम्मेलन से पहले 12 अक्तूबर 2023 को पर्यावरण के लिए जीवन शैली पर एक संसदीय मंच की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें प्रकृति के साथ सद्भाव में एक हरित भविष्य की दिशा में पहल किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया था।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली पी 20 सम्मेलन अनेक मामला में सफल रहा। जी 20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त घोषणा पत्र पर भारत आम सहमति बनाने में सफल रहा था। अब पी20 में भी हम संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाने में कामयाब रहे। गत वर्ष इंडोनेशिया में संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति नहीं बन सकी थी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान सभी देशों ने आमजन के जीवन में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने में डिजिटल प्लेटफार्म्स की भूमिका को स्वीकार किया और सभी देशों ने सहमति जताई कि इससे सर्विस डिलिवरी और नवाचार को सुगम बनाया जा सकता है।

बिरला ने कहा कि सम्मेलन में कुछ देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डेटा सुरक्षा जैसे विषयों का भी उल्लेख किया। एआई आज के समय की आवश्यकता है, लेकिन इसके संदर्भ में चिंताएं भी जताई जा रही हैं। इसको देखते हुए सभी देशों ने उत्तरदायित्वपूर्ण एआई विकास और डेटा सुरक्षा से संबंधित आयामों पर अनिवार्य रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व में अवसरों के निर्माण और कौशल को बढ़ाते हुए आमजन के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में भी सभी देशों ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## अमेरिका को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से ही होगी। अमेरिकी जहाज पर सुबह 8 बजे बोर्डिंग शुरू हो जाएगी।

वहीं, इजरायल की मीडिया के मुताबिक अमेरिका का कहना है कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध तेज होने और ईरान के सीधे इसमें शामिल होने की संभावना का डर है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने इज़राइल-लेबनान सीमा पर एक नए युद्ध मोर्चे की संभावना का हवाला दिया और कहा कि हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि ईरान सीधे तौर पर शामिल होने का विकल्प चुनेगा। हमें हर संभावित खतरे के लिए तैयारी करनी होगी। ईरान लंबे समय से लेबनान में आतंकवादी समूह हमास और हिजबुल्लाह का समर्थक रहा है और उन्हें पैसा और हथियार मुहैया कराता रहा है। सुलिवन ने ईरान के युद्ध में शामिल होने की आशंका के बारे में कहा कि यह एक जोखिम है और हम शुरू से ही इसके प्रति सचेत रहे हैं। सुलिवन ने कहा कि यही कारण है कि राष्ट्रपति बाइडेन पूर्वी भूमध्य सागर में एक विमानवाहक पोत भेजने के लिए तेजी से आगे बढ़े हैं।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908